-:-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए बांदा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है विशेष जागरुकता अभियान । बाबूलाल चौराहा बस स्टैण्ड के बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों के कागजात को किया गया चेक ।**

विवरण– यातायात निदेशालय उ0प्र0 द्वारा जारी निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विशेष यातायात जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नाबालिग लड़के/लड़कियों को प्रमुखता से यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। अभियान के क्रम आज दिनांक 12.07.2024 को बाबूलाल चौराहा बस स्टैण्ड के बस चालकों को यातायात नियमों के पालन करने के जागरुक करते हुए बस चालको के ड्राइविंग लाइसेंस तथा वाहनों के कागजात को चेक किया गया । अभियान में आज यातायात नियमों को पालन न करने वाले 174 वाहनों को चालान किया गया जिसमें 11 नाबालिकों के चालान किए गए। साथ ही वाहन चला रहे नाबालिगों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी भी दी गई।